राजकीय महिला महाविद्यालय

रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र, उ0 प्र0- 231216

E-mail: gdcrobertsganj@gmail.com   Website: www.gdcrobertsganj.ac.in

पत्रांक – मेमो /2026-27   दिनांक – 14/05/2026

राजकीय महिला महाविद्यालय, रॉबर्ट्सगंज- सोनभद्र में प्रवेश शुरू हो गया है इस महाविद्यालय मे प्रवेश लेने हेतु आनलाईन आवेदन करना होगा जो निम्न प्रकार से होगा ।

❖ **सर्वप्रथम समर्थ पोर्टल पर आवेदन करना होगा जो इस प्रकार है –**

स्टेप-बाय-स्टेप आवेदन प्रक्रिया:

चरण 1: नया पंजीकरण (New Registration)

1. सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट mvvuadm.samarth.edu.in पर जाएं।
2. होमपेज पर "NEW REGISTRATION" बटन पर क्लिक करें।
3. अपना नाम (10वीं की मार्कशीट के अनुसार), ईमेल आईडी और एक पासवर्ड बनाएं।
4. कैप्चा कोड भरकर सबमिट करें। आपके ईमेल पर एक वेरिफिकेशन कोड (OTP) आएगा, उसे डालकर अपना अकाउंट वेरिफाई करें।

चरण 2: लॉगिन और प्रोफाइल पूर्ण करना (Login & Profile Completion)

1. पंजीकरण के बाद, अपनी ईमेल आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके Login करें।
2. अब आपको अपनी व्यक्तिगत जानकारी (Personal Details), माता-पिता का नाम, पता और श्रेणी (Category) आदि भरनी होगी।
3. शैक्षिक विवरण (Academic Details): अपनी पिछली कक्षाओं (जैसे 10वीं, 12वीं) के अंक और स्कूल का विवरण भरें।

चरण 3: कोर्स का चयन (Programme Selection)

1. आप जिस कोर्स (BA, BSc, BCom, MA आदि) में प्रवेश लेना चाहते हैं, उसे चुनें।
2. ध्यान दें कि आपको अपने पसंदीदा कॉलेज का चयन भी इसी चरण में करना हो सकता है।

चरण 4: दस्तावेज़ अपलोड करना (Upload Documents)

1. अपनी फोटो, हस्ताक्षर और मार्कशीट की स्कैन की गई फाइलें अपलोड करें।
2. सुनिश्चित करें कि फाइल का साइज दी गई सीमा के भीतर हो।

चरण 5: शुल्क भुगतान और फाइनल सबमिशन (Fee Payment)

1. पूरे फॉर्म का Preview देखें और सुनिश्चित करें कि कोई गलती न हो।
2. यदि कोई आवेदन शुल्क लागू है, तो उसे ऑनलाइन (Net Banking/Debit Card/UPI) जमा करें।
3. सबमिट करने के बाद, फॉर्म का प्रिंटआउट जरूर निकाल लें।

❖ **कॉलेज पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने की प्रकिया इस प्रकार है –**

- महाविद्यालय के ऑनलाइन वेबसाइट https://www.onlinegdcrobertsganj.org/ पर Registration Fee Payment पर क्लीक करें और अपना फार्म फीस जमा करें.
- फार्म फीस जमा करने के पश्चात ही ऑनलाइन एडमिशन फॉर्म भरा जा सकता है | फार्म फीस जमा करने के पश्चात बैंक से ट्रांजेक्शन नम्बर मिलेगा | इस ट्रांजेक्शन नम्बर को सुरक्षित रखे | बिना ट्रांजेक्शन नम्बर के ऑनलाइन एडमिशन फॉर्म नहीं भरा जा सकेगा |
- ट्रांजेक्शन नम्बर मिलने के पश्चात Apply Online पर क्लिक करें |

- **Transaction ID और Mobile Number भरकर लॉगिन करें |**
- **इस फॉर्म पर जो विवरण माँगे गए है, उन्हें भर देना होगा.**
- **विवरण में आपके व्यक्तिगत विवरण (Personal Details), शैक्षणिक विवरण (Academic Details) और पाठ्यक्रम विवरण (Course Details) से सम्बंधित जानकारियाँ भरनी होंगी**
- **अधिकतम 100KB का फोटो और हस्ताक्षर JPEG फॉर्मेट में अपलोड करके फॉर्म पर अंकित करना होगा.**
- **इस तरह पूर्णतः भरे हुये फॉर्म का प्रिंट ले लेना होगा**
- **आपको दो प्रतियों में प्रिंट मिलेगा – 1. कॉलेज कॉपी(College Copy) 2. कैंडिडेट कॉपी(Candidate Copy)**
- **कॉलेज कॉपी के साथ निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की छायाप्रति (Photocopy) लगाकर महाविद्यालय के कार्यालय में जमा करना होगा –**
  - **1. हाईस्कूल अंक पत्र एवं प्रमाण-पत्र**
  - **2. इंटरमीडिएट अंक पत्र एवं प्रमाण-पत्र**
  - **3. चरित्र प्रमाण-पत्र की छाया प्रति|**
  - **4. स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (टी०सी०) की छाया प्रति|**
  - **5. जाति प्रमाण-पत्र (केवल SC/ST/OBC प्रमाण-पत्र)**
  - **6. आधार कार्ड**
  - **7. अन्य प्रमाण पत्र (भारांक सम्बन्धी)**
  - **8.गैप होने कि दशा में शपथ पत्र**
- **महाविद्यालय के कार्यालय में फॉर्म जमा करते समय आपको एक प्राप्ति-रसीद दी जाएगी. फॉर्म के साथ किसी भी प्रमाण-पत्र की मूल-प्रति जमा नहीं होगी.**